# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थात

**अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा(टर्म-1) (2017-2018)**

**कक्षा :7(सातवीं)     विषय :हिंदी     समय: 3 घंटा     पूर्णांकः 80**

.......................................................................................................................................

**खण्ड-‘क’**

प्र. 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

‘वन’ पृथ्वी को ईश्वर का वरदान है| इनका मानव जीवन में अत्यधिक महत्त्व है| मानव-जीवन के लिए आवश्यक भोजन, वस्त्र और आवास की पूर्ति अधिकांशतः वन और वृक्षों के माध्यम से ही होती है| अनाज, शहद, वस्त्रों हेतु कपास, विभिन्न दवाइयों की जड़ी-बूटियाँ, रंग-रोगन, गोंद आदि वनों से ही प्रचुर मात्रा में प्राप्त किये जा सकते हैं| कागज उद्योग भी बाँस के जंगलों पर आधारित है| ईंधन के रूप में प्रयोग लाई जाने वाली लकडी़ और कोयला भी हमें वनों से ही प्राप्त होता है| प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी वनों का विशेष योगदान है| प्राणी जगत के साँस लेने हेतु आक्सीजन के भंडार भी वन है| वन्य प्राणियों के संरक्षण भी वन ही हैं|वर्तमान में हम अपनी ज़रूरतों को पूरा करने हेतु निरंतर वनों को काटते जा रहे हैं जिसका परिणाम होगा ‘ प्राकृतिक असंतुलन’ जिस से हमें अपार बीमारियों, तूफानों, जलजलों, बाढ़ों, बेवक्त बरसातों आदि का सामना करना पड़ सकता है|

| | |
|---|---|
| क) वन को पृथ्वी के लिएक्याकहा गया है? | 1 |
| ख) वन मनुष्य जीवन हेतु क्यों आवश्यक है? | 1 |
| ग) कागज़ उद्योग किस पर आधारित है? | 1 |
| घ) गद्यांश में वन का पर्यायवाची शब्द कौन सा है? | 1 |
| ङ) वन हमें क्या-क्या प्रदान करते हैं? | 2 |
| च) प्राकृतिक असंतुलन का परिणाम क्या होगा? | 2 |
| छ) गद्यांश में से ‘इक’ प्रत्यय वाले दो शब्द लिखिए| | 2 |

**P.T.O**

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती|
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है|
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना,गिरकर चढ़ना न अखरता है,
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती|
डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौट कर आता है|
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में,
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती|
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती|

क) किससे डरने से नौका पार नहीं होती? 1

ख) मन का विश्वास रगों में क्या भरता है? 1

ग) सिंधु में डुबकियाँ कौन लगाता है? 1

घ) सागर में मोती कहाँ मिलते हैं? 1

ङ) नौका पार लगाने के लिए क्या करना चहिए? 2

च) चींटी कैसे मंजिल पार करती है? 2

छ) खाली हाथ आने पर भी गोताखोर निराश क्यों नहीं होता? 2

## **खण्ड-‘ख’**

1-द्वंद्व समास का एक उदाहरण लिखिए|(जैसे - माता-पिता) 1

2-‘पीठ ठोकना’ मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करिए- 1

3- समानता का बोध कराने के लिए सा, सी या से का प्रयोग करते हुए एक शब्द बनाकर उसका वाक्य में प्रयोग करिए| 1

4- नदी को उलटा लिखने से दीन होता है जिसका अर्थ होता है गरीब|

इसीतरह का एक शब्द लिखिए जिसे उलटा लिखने पर सार्थक शब्द बन जाए- 1

5- जा-जाकर या छू-छूकर में से किसी एक का वाक्य में प्रयोग करिए| 1

6- नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य कई बार 'नहीं के अर्थ में इस्तेमाल नहीं होते हैं,

जैसे- महात्मा गांधी को कौन नहीं जानता? इसी प्रकार का एक और उदाहरण लिखिए| 1

7-'<u>स्वर्ण</u>-श्रृंखला'में रेखांकित शब्द कौन सा विशेषण है? 1

8-काठ (कठ) से बना–कठगुलाब,कठफोड़ा इसी प्रकार हाथ-हथ से एक शब्द बनाइए- 1

9-मिठाईवाला शब्द में 'मिठाई' संज्ञा है या विशेषण? लिखिए- 1

10-उपयुक्त विराम चिन्ह लगाइए-अरे बाप रे वो बिजली थी या आफत 1

11- घास पर नन्हीं सी चिड़िया फुदकती है| इस वाक्य में से विशेषण छाँटिए| 1

12- विशेषण और विशेष्य का मिलान करिए- 1X4

| | |
|---|---|
| संभ्रान्त | जंगल |
| चंचल | महिला |
| समतल | नदियाँ |
| घना | आँगन |

**खण्ड 'ग'**

प्र.1निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

प्राण निकाले नहीं निकले| इसलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ|वे सब अंत में होंगे, तो यहीं कहीं| आखिर, कहीं न जनमे ही होंगे| उस तरह रहता,घुल-घुलकर मरता| इस तरह सुख संतोष के साथ मरूँगा| इस तरह के जीवन में कभी-कभी अपने बच्चों की एक झलक-सी मिल जाती है| ऐसा जान पड़ता है, जैसे वे इन्हीं में उछल-उछलकर हँस-खेल रहे हैं| पैसों की कमी थोड़े ही है, आपकी दया से पैसे तो काफ़ी हैं| जो नहीं है, इस तरह उसी को पा जाता हूँ|

अ)यह गद्यांशकिस पाठ से लिया गया है,पाठ का नाम लिखिए? 1

ब)मिठाईवाला व्यवसाय में पैसे को कम महत्व क्यों देता था? 2

स)बच्चों को कम दाम में सामान बेचकर,उन्हें खुश करके मिठाईवालेको क्या मिलता था? 2

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

आकाश का साफा बांधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अंगीठी
अंधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेडों के गल्ले सा|

अ) आकाश को किस रूप में दिखाया गया है? 1

ब) जंगल में खिले पलाश के फूल कैसे प्रतीत होते हैं? 2

स) कवि और कविता का नाम लिखो| 2

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1- पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं? 2

2- दादी माँ केस्वभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों? 2

3- कठपुतली को गुस्सा क्यों आया? 2

4- मिठाईवाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था?और वह महीनो बाद क्यों आता था? 2

5-‘पापा खो गए’ नाटक मेंआपको सबसेबुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों? 2

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (बाल महाभारत)

1-शांतनु कहाँ के राजा थे? 1

2- देवव्रत किस प्रतिज्ञा के कारण भीष्म कहलाये? 1

3- लाक्षागृह छोड़ने के बाद पाण्डव किस नगरी में गए? 1

4- द्रोण और द्रुपद की मित्रता कहाँ हुई? 1

5- दुर्योधन पांडवों से ईर्ष्या क्यों करता था? 2

6- जरासंध के विषय में भीम का क्या दृष्टिकोण था? 2

7- कर्ण के छल को समझकर परशुराम जी ने क्या शाप दिया? 2

**खण्ड-'घ'**

प्र.1खेल सामग्री मँगवाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए| 5

अथवा

अपनी दिनचर्या बताते हुए पिताजी को पत्र लिखिए|

प्र.2 किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए| 10

स्वदेशप्रेम

**अथवा**

परिश्रम का महत्व

***************